पेज थ्री देहरादून

देहरादून मंगलवार 8 सितंबर 2020

पेज 8

# हमारा दून

मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए फिल्म निर्देशक एवं लेखक करण राजदान।



## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री की माता के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन की माता स्नेह लता गोयल के निधन पर उनके शासकीय आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उन्हें सांत्वना व्यक्त की।

### विस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड बीजेपी प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू से दिल्ली दौरे के दौरान शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित ''भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 2019'' नाम की स्मारिका के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा विमोचन किए जाने के उपरांत श्याम जाजू को मुलाकात के दौरान भेंट की।

### रोजाना आ रहे कोराना वायरस के रिकार्ड तोड़ मामले

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में एक ओर कोराना वायरस के रिकार्ड तोड़ मामले रोजाना सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आम आदमी भी लापरवाह नजर आ रहे हैं। यहां जारी एक बयान में स्वास्थ्य महानिदेश डा. अमिता उप्रेती ने बताया है कि ऐसे में कोरोना वायरस का संक्रमण बढने का खतरा और भी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि अब मास्क पहनना और सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना अति आवश्यक है, उन्होंने कहा कि तभी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचा जा सकता है।

### कांग्रेसजनों ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान के कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। पेयजल व सीवर की समस्याओं के समाधान किये जाने के साथ ही जल मूल्य वृद्धि को वापस लिये जाने की मांग को अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार व कांग्रेसजनों ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही किये जाने की मांग की गई।

# मत्स्य पालको के आय वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए

**बैठक**

- बीमा कवर के अन्तर्गत ट्राउड सहित सभी मत्स्य प्रजाति को जोडा जायेगाः रेखा आर्या
- सुरक्षा और मनिटरिंग के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय
- ट्राउड प्रजाति को डेनमार्क से मगाया जाएगा

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास, पशुपालन, भेड़ एवं बकरी पालन, चारा एवं चारागाह विकास एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्या ने विधान सभा स्थित सभाकक्ष में राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण की प्रबन्ध समिति की बैठक में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मत्स्य पालको के आय वृद्वि पर विशेष ध्यान दिया जाए और मत्स्य पालको के लिए बीमा का प्रावधान किया जाय।

बैठक में कहा गया कि प्राकृतिक आपदा के कारण मत्स्य पालन ढॉचे में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मत्स्य पालको को बीमा से जोडा जाएगा। इसमें मत्स्य पालक, मत्स्य पालन विभाग और मत्स्य अभिकरण का योगदान होगा। बीमा कवर के अन्तर्गत ट्राउड सहित सभी मत्स्य प्रजाति को जोडा जायेगा। कोविड प्रभाव के चलते मत्स्य पालको के नुकसान की भरपायी के लिए जॉच कमेटी की रिर्पोट द्वारा हुई क्षति की भरपायी की जायेगी।

डैम, तलाब, हैचरी पर सुरक्षा और मनिटरिंग के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया गया है। इससे न केवल मत्स्य चोरी को रोका जा सकता है, बल्कि आयतित मछली के डाले गए बीज की भी चौकिंग की जा सकती है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा बचत के लिए सोलर पम्प डैम, हैचरी, पर लगाने के लिए परीक्षण करके रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

मत्स्य पालन को बढावा देने के लिए ट्राउड प्रजाति को डेनमार्क से मगाया जाएगा। मछली के मण्डी का भी शुभारम्भ सभी जनपद में किया जायेगा। इससे पूर्व उधमसिंहनगर, रूड़की में मत्स्य मण्डी का संचालन किया जा रहा है। देहरादून, हरिद्वार सहित अन्य पहाड़ी जनपदों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। मत्स्य अभिकरण के माध्यम से अच्छी क्वालिटी की फ्रेश मछली विभिन्न रेस्टोरेन्ट से सप्लाई भी की जाएगी।

## फिल्म निर्देशक एवं लेखक करण राजदान ने सीएम से की भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में फिल्म निर्देशक एवं लेखक करण राजदान ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से भेंट की। उन्होंने कहा कि वे उत्तराखण्ड में 'हिन्दुत्व' फिल्म की शूटिंग करना चाहते हैं। इस फिल्म की 90 प्रतिशत शूटिंग वे उत्तराखण्ड में करना चाहते हैं। इस फिल्म की शूटिंग जनवरी–फरवरी 2021 में होगी। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखण्ड में एक डॉक्यूमेंट्री 'शिवतंत्र' की शूटिंग करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग के लिए सरल फिल्म नीति बनाई गई है। अब एक दिन में भी फिल्म शूटिंग की ऑनलाईन अनुमति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य एवं प्राकृतिक वातावरण फिल्म की शूटिंग के लिए अनुकूल है। इसलिए फिल्मकारों का रूझान उत्तराखण्ड के प्रति बढ़ा है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने फिल्म निर्देशक श्री करण राजदान को उत्तराखण्ड में फिल्म की शूटिंग की इच्छा पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री 'शिवतंत्र' पर पंच केदार में से किसी भी स्थान पर शूटिंग की जा सकती है।

# टिहरी झील को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने को हर सम्भव प्रयासः सीएस

**निर्देश**

- फीजिबिलिटी स्टडी एवं वायबिलिटी स्टडी शीघ्र करवा कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में टिहरी जलाशय के चारों ओर प्रस्तावित रिंग रोड के सम्बन्ध में बैठक हुई। मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं में सम्मिलित यह एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। उन्होंने इस सम्बन्ध में फीजिबिलिटी स्टडी एवं वायबिलिटी स्टडी शीघ्र करवा कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिहरी झील को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को हर सम्भव प्रयास करने होंगे। **टिहरी झील को देखने के लिए वर्षभर देश-विदेश से पर्यटक आते हैं: सचिव पर्यटन**

बैठक में सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने बताया कि टिहरी बाँध जलाशय लगभग 42 वर्ग कि.मी. में विस्तारित है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रिंग रोड की कुल लम्बाई 234.60 कि.मी. है। टिहरी झील को देखने के लिए वर्षभर देश–विदेश से पर्यटक आते हैं। रिंग रोड के निर्माण सहित जलाशय के चारों ओर पर्यटन विकास हेतु आवश्यक मूल–भूत ढांचागत सुविधाओं के विकास से इस क्षेत्र के आस–पास के कई गांव तथा आबादी क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। यह रिंग रोड भविष्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में कारगर सिद्ध होगी।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव आर के सुधांशु, श्रीमती राधिका झा एवं श्रीमती सौजन्या भी उपस्थित थीं।

## जुबिन नौटियाल उत्तराखण्ड में करेंगे कई वीडियो साँग की शूटिंग

**संवाददाता** देहरादून। बॉलीवुड सिंगिंग स्टार जुबिन नौटियाल इन दिनों कई प्रोजेक्ट में उत्तराखण्ड में कार्य कर रहे हैं। अभी हाल ही में उनके द्वारा दो बॉलीवुड एवं हॉलीवुड वीडियो साँग उत्तराखण्ड के मसूरी, धनोल्टी तथा देहरादून में शूट किये गये जिसमें से एक साँग टी–सीरीज द्वारा रिलीज किया गया है। अभी तक इन गानों को यू–ट्यूब पर 35 मिलियन लोग देख चुके हैं। जुबिन का कहना है कि उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग के अद्भुत एवं रमणीक डेस्टिनेशन हैं। जब कोई गाने का फिल्मांकन उत्तराखण्ड की वादियों में होता है, तो उससे देश तथा विदेश के लोग पर्यटन की दृष्टिकोण से उत्तराखण्ड के उस डेस्टिनेशन में आने के लिए आकर्षित होते हैं। जिससे लोकल स्तर पर रोजगार के साधन सृजित होते हैं। जुबिन नौटियाल इन दिनों मसूरी में ही हैं। जुबिन नौटियाल ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य की फिल्म नीति से आकर्षित होकर बॉलीवुड के फिल्मकार निकट समय में उत्तराखण्ड में कई शूटिंग करने वाले हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।